# अतिक्रमण के कारण स्टेशन के बाहर बरसात में बन जाता है गंदगी का साम्राज्य

**मैहर।** मैहर में विराजमान मां शारदा देवी के दर्शनार्थियों को रेलवे स्टेशन से मंदिर जाने के लिए गंदगी से भरे बरसात के पानी से निकलना पड़ा जिससे धार्मिक आस्था तार-तार हो गई।

लगभग 12 बजे के लगभग मैहर नगर में बरसात होने के कारण हाउसिंग बोर्ड से चोपड़ा कालोनी से होते नालों का पानी रेलवे स्टेशन के तिराहे जमा हो गया जिसके चलते इस तिराहे में आज एक फुट से ऊपर तक गंदगी से भरा पानी जमा हो गया जिसके कारण पैदल निकलना मुश्किल हो गया। यह समस्या पहले भी थी और आज भी है जिसका निराकरण रेलवे विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के द्वारा कई बार कोशिश की गई मगर आज तक इस गंदे पानी की निकासी का रास्ता नहीं बनवा सके है जिसका खामियाजा देश के कोने कोने से आने वाले माई के दर्शनार्थियों को भुगतना पड़ता है। गंदा पानी तो कुछ घंटों के बाद किसी तरह निकल जाता है मगर शहर की गंदगी जो सड़क में छूट जाती है उस गंदगी से गुजर कर लोगों को जाना पड़ता है। अगर पानी की निकासी नहीं करवा सकते हैं तो इस जमी हुई गंदगी को साफ करने की व्यवस्था भी नगर पालिका नही कर रही है। वैसे भी नगर की नालियां भठी हुई है जिसके कारण बरसात का पानी बह नही पाता है और पूरी सड़क में भरा रहता है। बताया जाता है कि रेलवे तिराहे में बनी दुकानें जो



नालियों के ऊपर बनी हुई है उनकों क्यों नही सख्ती हटवाया जाता है और जब कभी नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओं के अधिकारी और कर्मचारी आते है तो खाना पूर्ति कर चले जाते है। आज भी इस तिराहे में भरे गंदे पानी के छींटे लोगों के कपड़े खराब करते हुए ऑटो वाले निकलते रहे। इस वार्ड के पार्षद को इस क्षेत्र की गदंगी से कोई लेना देना है अन्यथा यह समस्या कब का हल हो गया होता। आज तिराहे में पानी भरने से कई लोग जो माई के दर्शन करने के लिए जाने वाले थे रेलवे स्टेशन चले गए और कहते रहे कि जब गंदा पानी निकल जाएगा तब जाएंगे। अतः नगर वासियों ने जिला कलेक्टर,विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष से इस समस्या का हल निकलने के लिए संयुक्त रूप से इस क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाए जाने एवं पानी की निकासी का रास्ता बनवाने की मांग की है।

### रेलवे स्टेशन के सामने अतिक्रमण का ताजा नमूना

मैहर रेलवे स्टेशन में गेट के बगल में नाला सड़क के ऊपर अवैध पक्की दुकान निर्माण का मामला सामने आया है। इसी तरह इस तिराहे के आप पास बनी दुकानें सार्वजनिक रास्तें एवं नाले के ऊपर बनी हुई जिसकी जांच होने सच्चाई सामने आ जाएगी। ज्ञात हो की रातों-रात सड़क पर पक्की दुकान निर्माण किया जा रहा था जिसकी सूचना लगने पर नगर पालिका के अतिक्रमण कर्मचारियों द्वारा मौखिक काम तो रुकवा दिया गया। इस स्थान पर भू माफियाओं को अवैध कब्जा करने की खुली छूट दे दी गई है। इस क्षेत्र में अतिक्रमण बड़ी समस्या है वहीं इतना बड़ा निर्माण कार्य होने के बावजूद नगर पालिका द्वारा कोई भी जप्ती कागजी कार्यवाही नहीं की गई केवल मौखिक काम रुकवा कर बैक फुट में आ गए और भू माफिया पुनः दुकान निर्माण कार्य में तेजी से लग गया। खास बात यह है यह दुकान जहां बन रही है वह एक सार्वजनिक मार्ग और नाला है और उसे सार्वजनिक मार्ग बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने किए मां शारदा के दर्शन



**मैहर।** गुरुवार को प्रातःकाल अल्प प्रवास पर मैहर पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने मां शारदा दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए मां शारदा से प्रार्थना की। इस दौरान मैहर एसडीएम विकास सिंह, टीआई अनिमेष द्विवेदी, मां शारदा देवी मंदिर के पुजारी दीपक पांडे दीपू भैया,शारदा प्रबंधन समिति सदस्य सचिन मिश्रा,सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। माई के दर्शन करने के उपरांत उपमुख्यमंत्री रीवा के लिए रवाना हो गए।

### पिता की 11वीं पुण्यतिथि पर भोजन व प्रसाद वितरण



**सतना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव और पन्ना एवं मैहर जिले के प्रभारी,रामप्रताप कुशवाहा लाला) ने अपने पूज्य पिताजी की 11वीं पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर,गरीबों को भोजन और फलों का वितरण किया गया,जिससे कई जरूरतमंदों को राहत मिली। इसके अतिरिक्त,निरंकारी भवन में भी प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ,जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री कुशवाहा,जो विंध्य-फल एवं गांधी सब्जी बाजार के अध्यक्ष और जिला कुशवाहा संघ सतना के संरक्षक भी हैं,ने बताया कि यह आयोजन उनके पिताजी की स्मृति और उनके मूल्यों को सम्मान देने के लिए किया गया। इस पुनीत कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों से भी सहयोग प्राप्त हुआ।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी वार्ड नंबर 9 की नव निर्मित सड़क

**मैहर।** मैहर नगर में विकास के नाम भ्रष्टाचार को बोल वाला है। मैहर के विकास के लिए जो निर्माण कार्य किए जाने मनमानी का शिकार हो रहे है। इसी तरह वार्ड नंबर 9 में बन रही नवनिर्मित सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वार्डवासियों का आरोप है कि सड़क का बेस ही इतना कमजोर बनाया गया है कि चंद दिनों में यह उखड़ जाएगी। यदि प्रशासन इस नव निर्मित रोड की उच्च अधिकारियों के जांच करवा ली जाए तो निश्चित ही इस सच सामने आ जाएगा। सड़क निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही है। इस विषय को लेकर हम कलेक्टर जनसुनवाई में जाएंगे यदि वहां से भी हमें न्याय नहीं मिलता तो हम आंदोलन करेंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### वन्य प्राणियों के लिए कराई पेयजल की व्यवस्था



**बड़वारा।** विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में 1 से 7 जुलाई तक चल रहे सेवा सप्ताह के कार्यक्रम में 2 जुलाई को पठरा के जंगल में उम्मीद ग्रुप भुड़सा के द्वारा रखे गए टबों की साफ सफाई कर उनमें पानी भरा गया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का देश भर में सेवा सप्ताह का कार्यक्रम 01 जुलाई से 07 जुलाई तक किया जाना है जिसमें उम्मीद ग्रुप से डॉ.सुजीत महोबिया मोनू बजरंग दल कटनी के जिला विद्यार्थी प्रमुख सचिन सिंह चौहान सुनील महोबिया विनय सिंह चौहान गंगा साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीच सड़क पर नकली किन्नर का किया मुंडन

### असली किन्नरों को देखकर भागे, ढोलक बजाते घूम रहे थे 8 लोग

**सतना।** गुरुवार को कृष्ण नगर इलाके में असली किन्नरों ने नकली किन्नरों को पकड़ा। एक के कैंची से बाल काटकर उसका मुंडन किया। बीच सड़क पर एक नकली किन्नरों को पकड़े हुए वीडियो सामने आया है। सुखेजा हाउस के पास साढ़े 11 बजे एक ऑटो में 8 नकली किन्नर पहुंचे। इनमें से 4 लोग ढोलक बजा रहे थे। ये लोग आसपास के घरों में पूछताछ कर रहे थे कि कहीं कोई उत्सव है। इस दौरान किसी को इन पर शक हुआ और उसने असली किन्नरों को सूचना दे दी। जैसे ही असली किन्नर मौके पर पहुंचे,7



नकली किन्नर भाग निकले। असली किन्नरों ने एक नकली किन्नर को पकड़ लिया। उन्होंने पकड़े गए व्यक्ति के कपड़े उतरवाए और उस्तरे से उसका सिर मुंडवा दिया। इस घटना को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

## ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक को आया हार्ट अटैक, मौत

**सतना।** कोलगवां थाना में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक की गुरुवार शाम ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उन्हें तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। शुक्रवार को उनके गृहग्राम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद साकेत शाम लगभग 4 बजे कुर्सी पर बैठकर नियमित काम में लगे थे। इसी दौरान उन्हें सीने में तेज दर्द उठा और वे अचानक गिर पड़े। थाने में मौजूद स्टाफ ने तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया,लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संभवतः मौत का कारण हार्ट अटैक



है। वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगा। दो साल से कोलगवां में पदस्थ थे शिव प्रसाद साकेत,जिला सीधी के कपूरी कोठार गांव के रहने वाले थे। वे दो वर्षों से कोलगवां थाना में पदस्थ थे। इससे पहले वे मैहर के रामनगर थाना में तैनात थे। पुलिस ने पार्थिव शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार को उनके गृहग्राम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद एसपी आशुतोष गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी थाने पहुंचे।

### सीधी से सतना पहुंचा परिवार

मौत की खबर मिलते ही आरक्षक का परिवार रामपुर नैकिन से सतना पहुंचा। पत्नी संतोषी और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके तीन बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा सत्येंद्र साकेत,सतना में ही पिता के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था।

## नागौद में स्विफ्ट कार में आग लगाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने एक स्विफ्ट कार में आग लगाने के मामले में दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।

### घटना का विवरण

फरियादी उज्जवल गौतम (उम्र 21 वर्ष,निवासी हॉस्पिटल चौक ने थाना नागौद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून की रात लगभग 09:30 बजे उन्होंने अपने दोस्त की स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 19 जेड एफ 2455 को अपने घर के बाहर तार की बाउंड्री के अंदर खड़ा किया था। रात लगभग 02:30 बजे, जब उज्जवल गौतम पेशाब करने उठे,तो उन्होंने देखा कि बाहर की लाइट जल रही थी। खिड़की से देखने पर उन्होंने पाया कि कुछ आरोपी स्विफ्ट वाहन में आग लगाकर भाग रहे थे। उन्होंने तुरंत अपनी मां रमा गौतम को इस बारे में बताया। कार काफी ज्यादा जल चुकी थी,जिसके बाद फायर ब्रिगेड को फोन कर बुलाया गया और आग बुझाई गई।

### पुलिस की कार्रवाई

फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर,थाना नागौद में अपराध क्रमांक 471/25 धारा 326(f), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपचारी बालकों को दस्तयाब किया। पूछताछ में अपचारियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उपनिरीक्षक रंगदेव सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र साकेत, आरक्षक विनोद रावत और आरक्षक मोहित थाना नागौद की भूमिका रही।

## अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग

### जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन

**सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुगावली जिला अशोकनगर में दर्ज एफ आई आर निरस्त करने की मांग को लेकर पुलिस महानिदेशक भोपाल के नाम ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौपा व एफ आई आर निरस्त करने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 233 दिनांक 27 जून 2025 को दर्ज की



गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि जीतू पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी दोनों पीड़ित भाइयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हारे साथ मारपीट के साथ मानव मल भी खिलाया गया है ऐसा कहोगे तब मोटरसाइकिल दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा युक्त घटना के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा घटना का विवरण वीडियो में वायरल किया गया जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ने आगे यह भी कहा कि उन परिस्थितियों की भी जांच होनी चाहिए जो कि 25 जून 2025 को पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26 जून 2025 को यह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते हैं कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर दिया गया है यह राजनीतिक दोष भावना से किए जाने का षड्यंत्र है। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराधिक साजिश करना धर्म जाति का होना झूठे तथ्यों को सच के रूप में प्रस्तुत करनाऔर सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिश करना मानकर एफआईआर दर्ज की गई है जो निन्दनीय है।

## इटहरा के कोटेदार डाल रहा जनता के हक पर डाका

### कार्यवाही के साथ-साथ जनता ने की कोटेदार को बर्खास्त करने की मांग

**मैहर।** मैहर जिले अंतर्गत ग्राम पंचायत इटहरा के सरपंच व सभी ग्रामवासियों के साथ जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी ने एसडीएम कार्यालय जाकर इटहरा के उचित मूल्य की दुकान की शिकायत कर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मैहर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में शासकीय उच्चित मूल्य दुकान के सेल्स मेन,कोटेदार पर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि उक्त लोगों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ हमेशा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। आज कई महीनों से उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को सरकार के द्वारा दिए जाने वाली सामग्री नहीं दी जा रही है। इसी तरह ग्रामीणों के द्वारा भी आरोप लगाए गए कि कई महीनों से अनाज नही दिया जा रहा है जिसके चलते उपभोक्ता भूखों रहने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणजन अगर कुछ कहते है तो कहा जाता है कि जहां शिकायत करना हो करों हमारा कुछ नहीं होने वाला है। समस्याओं को सुनकर एसडीएम के द्वारा कोटेदार को हटाने के साथ ही जांच कराने को कहा गया।

## घुनवारा अस्पताल में पदस्थ स्टाफ से मरीज परेशान

मैहर। घुनवारा के सरकारी अस्पताल में कई वर्षो से जमे डॉक्टर एवं स्टाफ की मनमानी के कारण ग्रामीण जनता का उपचार नहीं हो रहा है।बताया जा रहा है कि घुनवारा अस्पताल में इस क्षेत्र के ग्रामीण जन अपना इलाज कराने आते है मगर इस अस्पतसाल के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित नहीं होने मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग से आकस्मिक जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग**

स्थानीय नागरिकों के द्वारा बताया जा रहा है कि इस अस्पताल में कई वर्षो से जमे डॉक्टर एवं स्टाफ की मनमानी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अस्पताल कब खुलता है और कब बंद हो जाता है मरीजों को पता ही नहीं चलता है। ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया जाता है कि जब भी आओ कभी डॉक्टर नही मिलता है और डॉक्टर मिल भी गया तो कोई दवा देने वाला नहीं होता है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं भी आती मगर उनका सही उपचार एवं जांच नहीं की जाती है जिससे परेशानी होती और मजबूरन मैहर जाना पड़ता है। इसी तरह यहां पर सरकारी दवाओं का हमेशा टोटा ही पड़ा रहता है और मरीजों को बाजार की दवाएं लिखी जाती है जो संपन्न होते है वह खरीद लेने है और गरीब तबका का मरीज दवाएं खरीदने में असमर्थ रहता है।

### सरकारी नियम और व्यवस्था

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी नियमों में आमतौर पर कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए प्रावधान होते हैं ताकि इस तरह की समस्याओं का सामना मरीजों को न करना पड़े। आज यही स्थिति घुनावारा अस्पताल का हो गया क्यों कि अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर एवं स्टाफ के द्वारा स्थानीय लोगों से घनिष्ठ संबंध बना रखे हैं जिसके चलते यहां पर पदस्थ स्टाफ का स्थानांतरण नहीं हो रहा है जिसका खामियाजा क्षेत्रीय ग्रामीण मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय जनता के द्वारा स्वास्थ्य विभाग का ध्यान आकृष्ट करते हुए इस अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण करने के साथ कई वर्षो से जमे स्टाफ का स्थानांतरण करने की मांग की है।

## शासकीय विद्यालय विष्णुपुर के उन्नयन की मांग

**मैहर।** मैहर जिला बनने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के सामने उच्चस्तरीय अध्ययन करने के विद्यालयों की कमी का सामना क्षेत्रीय ग्रामीण छात्रों को करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों प्राइमरी एवं हाई स्कूल तक की स्कूल खुले है किंतु अब जैसे जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ने लगा है वैसे वैसे अब ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आठवीं कक्षा पास करने के बाद अब हायर सेकेण्ड्री विद्यालय में पढ़ने के लिए गांव से दूर हायर सेकेण्डरी विद्यालय में जाना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब तबके के बच्चे जो आगे की पढ़ाई करना तो चाहता है कितु पास के गावों में हायर सेकेण्डरी विद्यालय नही है जिसके कारण गरीब तबके के बच्चें एवं छात्राओं को पढाई रोकनी पड़ रही है। अगर ग्रामीण क्षेत्रों के हाई स्कूलों को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन कर दिया जाए तो इन छात्रों क पढ़ाई आगे जारी रह सकती है। इस समस्या को लेकर आमातारा के




ग्रामीणों ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि हमारे यहां एक मात्र हायर सेकेंड्री विद्यालय आमातारा में है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले ग्राम कुड़वा,आमातारा,छप्पन,बजरिया, धरमपुरा,अमिलिया,पिपरिया विष्णुपुर और कटनी जिले के लखनपुरा और कर्रेहा इन समस्त गांवों के बच्चे कक्षा आंठवी पास करके कक्षा नौमी में पढ़ने आते है। चूंकि नजदीकी विद्यालय एक मात्र यही है तो कुल मिलाकर कक्षा नौमी में छात्रों की संख्या लगभग 200 बच्चों के ऊपर हो जाती है। अब इस परिस्थिति में कक्षा संचालन हेतु न तो शिक्षक उपलब्ध है न ही भवन अतः कुड़वा,अमिलिया,पिपरिया छप्पन और विष्णुपुर के विद्यार्थी बालक बालिकाओं के उचित अध्यापन हेतु नजदीकी विद्यालय विष्णुपुर (धरी) गांव के माध्यमिक विद्यालय को उपरोक्त गांवों के माध्यमिक विद्यालयों का पोसी विद्यालय बनवाकर कक्षा 9 और 10 की शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए जिससे क्षेत्रीय छात्रों का भविष्य उज्जवल हो सके। इसी प्रकार ग्रामीणों ने विधायक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की हाई स्कूलों के उन्नयन की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर की लगातार कार्यवाहियां

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा 2 जुलाई 2025 को 5 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 1 लाख 60 हजार 625 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशमन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

### हरपालपुर कृषि उपज मंडी का वार्षिक निरीक्षण, किसानों ने उठाई समस्याएं



**हरपालपुर।** कृषि उपज मंडी हरपालपुर में गुरुवार दोपहर मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सागर के संयुक्त संचालक आर.पी. चक्रवर्ती ने वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुआ, जिसमें मंडी परिसर का जायजा लिया गया और किसानों से शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए किसानों ने खुलकर समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में तौल नहीं होती, बल्कि व्यापारियों के फड़ों पर तौल की जाती है, जिससे पारदर्शिता की कमी महसूस होती है और किसान खुद को गुमराह मानते हैं। किसानों ने इस प्रणाली पर सवाल उठाए और इसे सुधारने की मांग की। मंडी सचिव संतोष नागर ने निरीक्षण दल को जानकारी दी कि मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा, मंडी की क्षतिग्रस्त बिल्डिंग की मरम्मत कराए जाने की भी आवश्यकता जताई गई। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मंडी परिसर में स्थित केंटीन अब तक चालू नहीं हुई है, जिससे किसानों को भोजन और जलपान जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मौके पर मंडी के सहायक निरीक्षक अंकित अनुरागी समेत अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

फूड सेफ्टी अधिकारी चौबे बने मूकदर्शक, जांच के नाम पर खानापूर्ति के लग रहे आरोप

# बारिश के मौसम में जिले में बिक रही मिलावटी खाद्य सामग्री, फैल रही संक्रामक बीमारियां

**छतरपुर।** इन दिनों बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। और प्रशासन द्वारा बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचने की सलाह दी जा रही है। लेकिन देखा यह जा रहा है कि बाजार में खुलेआम मिलावटी और दूषित खाद्य सामग्री बिक रही है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की पूरी सभांवना पाई जा रही है। अभी पिछले दिनों मिलावटी खोरी को रोकने के लिए जूडीशियल अधिकारियों ने मिठाई दुकानों और रेस्टोरेंट में छापामार कार्यवाही कर सेम्पल भरवाए थे। जबकि यह जबावदारी प्रशासन के अधीनस्थ संचालित फूड सेफ्टी विभाग की है। जूडीशियल अधिकारियों द्वारा की गई छापामार कार्यवाही के बाद लोगों को यह विश्वास हुआ था कि अब फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी सक्रिय हो जाएगें और शहर में दूषित व मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने बालो पर कार्यवाही करेंगे। लेकिन इस कार्यवाही के बाद फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी और भी गहरी कुंभकरण की नींद में सो गए। जिससे शहर में अधिकांश मिठाई की दुकानों में दूषित खाद्य सामग्री बिकने लगी है। यह भी चर्चा है कि फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी व निरीक्षक इन बड़ी बडी. मिठाई की दुकानों से हर माह नजराना प्राप्त करते है। इसलिए छापामार एवं सेम्पल भरने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। और खुलेआम संक्रामक बीमारियों को न्यौता भी दिया जा रहा है।



### प्रतिबंधित पाम आयल का खुलेआम उपयोग

शासन ने पाम आयल का उपयोग पूरी तरह से खाद्य सामग्री में प्रतिबंधित किया है। लेकिन फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से रेस्टोंरेट एवं मिठाई की दुकानों और होटलों में पाम आयल का उपयोग किया जा रहा है। जिससे हद्रय रोग और बीपी के मरीजों की संख्या बढ रही है। साथ ही यह पाम आयल खाद्य सामग्री में उपयोग करने पर जानलेवा साबित होता है। लेकिन सस्ता होने और अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में दुकानदार सब कुछ भूलकर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहें है। छापामार कार्यवाही के दौरान मिठाई दुकानों रेस्टोरेंटों और होटलों में भारी मात्रा में पाम आयल का स्टाक पकड़ा जा सकता है। शहर की प्रतिष्ठित मिठाई दुकान संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि समय पर चौबे जी को और स्टाफ को नजराना पहुंचाना पड़ता है। लेकिन कार्यवाही करने बाले जिम्मेदार अधिकारी अपने नजराना के चक्कर में शासकीय दायित्व को भूल बैठे है।

### कई कई दिनों तक बर्तनों की नही होती सफाई -

बस स्टैंड होटल में काम कर रहे एक कारीगर ने बताया कि बस स्टैण्ड सहित शहर में अधिकांश होटलो और रेस्टोरेटों में जिन बर्तनों में खाद्य सामग्री बनाई जाती है। उन बर्तनों की कई कई दिनों तक सफाई नहीं होती है। बर्तनों की सफाई न होने से कालिख की मोटी परत जम जाती है, और ऐसे बर्तनों में खाद्य सामग्री बनाने पर मानव जीवन के लिए नुकसान देह साबित होती है। बस स्टैण्ड के अंदर अधिकांश मिठाई की दुकानों में यही हाल देखने को मिल रहा है। और कडाई में जो तेल उपयोग किया जाता है, उसे भी महीनों बदला नही जाता है। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी जिन्हे इन सब की जिम्मेदारी मिली हुई है। वह बिल्कुल ध्यान नही देते है।

### त्यौहारों पर सबसे अधिक होती है मिलावट, झांसी कानपुर से आ रहा मिलावटी मावा

जब भी कोई त्यौहार आता है तो दुकानदार पहले से तैयारी कर लेते है और त्यौहार आते ही मिलावटी खाद्य सामग्री की भरमार हो जाती है। खासकर मिठाई दुकानों में देखा जाता है कि दर्जनों प्रकार की मिठाईयां बनाई जाती है। लेकिन इन मिठाईयों में क्या क्या चीज मिलाई जाती है। यह किसी को पता नही है लेकिन इतना जरूर है कि दुकानदार मिठाईयां बनाने में विभिन्न प्रकार के दूषित कलर का उपयोग करते है और यह कलर लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। मावा के नाम पर कई प्रकार की मिठाईयां बेची जाती है। मावा की पूर्ति करने के लिए झांसी कानपुर से मावा मंगाया जाता है। लेकिन यह मावा मिलावटी और दूषित होता है कई बार मावा बसों में पकड़ा गया है लेकिन जब यह मावा बसों में आता है तो कोई उसका बारिश नही होता है। सिर्फ इसलिए की कार्यवाही से बचा जा सके। बाद में यही मावा रददी मे डिस्पोज किया जाता है। इन दिनों भी मावा बाहर से आ रहा है। जिसमें मिलावट चल रही है लेकिन फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी बड़े बड़े मावा विक्रेताओं से नजराना लेकर उन्हें खुली छूट दिए हुए है।

### इनका कहना है -

2 जुलाई से बागेश्वर धाम में डयूटी लगा दी गई है जिस कारण 10 जुलाई तक किसी भी प्रकार की सैम्पलिंग नही होगी। बागेश्वर धाम की डयूटी पूरी होने के बाद ही शहर में मिठाई की दुकानों पर सैम्पल भरने और जांच की कार्यवाही शुरू की जाएगी, पिछले दिनों जूडिशियल अधिकारियों की मौजूदगी में जो सेम्पल भरकर भेजे गए थे उसकी भी जांच अभी नहीं आई है।

**बेद प्रकाश चौबे**
**फूड सेफ्टी अधिकारी, छतरपुर**

## पहली बारिश में ही ढह गई आंगनबाड़ी की बाउंड्रीवॉल, निर्माण में भारी भ्रष्टाचार



**बिजावर।** जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत अनगौर में वर्ष 2022-23 में लगभग 9.50 लाख रुपये की लागत से बने आंगनबाड़ी केंद्र की पोल पहली ही बारिश में खुल गई। शंकरपुरी हरिजन मोहल्ले में निर्मित इस भवन को एक वर्ष पूर्व ही हैंडओवर किया गया था, लेकिन बारिश शुरू होते ही इसकी छत से पानी टपकने लगा और दीवारों से सीलन व पानी का रिसाव होने लगा। सबसे गंभीर स्थिति तब सामने आई जब आंगनबाड़ी केंद्र के चारों ओर बनी बाउंड्रीवॉल हल्की बारिश में ही भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता व सहायिका ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की बात कही है और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है और जिम्मेदारों को कभी भी सजा नहीं मिलती।

इस पूरे मामले में महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार बागरी तथा जनपद पंचायत की सीईओ अंजना नागर ने जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि ग्रामीणों का मानना है कि जांच तो होती रहती है, लेकिन दोषियों पर कभी भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या दोषियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई होती है या फिर यह भी एक और जांच बनकर रह जाएगी।

## धर्मांतरण के मामले में प्रशासन का छापा, चंदला में ईसाई प्रचार के केंद्र पर कार्रवाई

**चंदला।** छतरपुर जिले के चंदला कस्बे में कथित धर्मांतरण के एक मामले ने जोर पकड़ लिया है। गुरुवार को प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 5 में चल रहे एक धर्मांतरण कार्यक्रम पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि यह आयोजन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष तुलसा अहिरवार के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा था।मीडिया में लगातार इस मामले को लेकर चर्चाएं हो रही थीं कि चंदला में हर रविवार ईसा मसीह के नाम पर दरबार लगाकर लोगों की बीमारियों को ठीक करने का दावा किया जाता है। इसे धर्मांतरण की गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा था। जब यह जानकारी प्रशासन तक पहुंची, तो लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला, एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार और चंदला टीआई उदयवीर सिंह तोमर सहित अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और कार्यक्रम स्थल पर कार्रवाई की गई। टेंट हटवाया गया और लोगों की उपस्थिति दर्ज करने वाला रजिस्टर भी जब्त किया गया।प्रशासन के अनुसार, पूरे मामले की जांच की जा रही है और फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वहीं, तुलसा अहिरवार के पति दयाराम अहिरवार ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारे यहां सिर्फ ईसा मसीह के बारे में जानकारी दी जाती है, धर्मांतरण की कोई गतिविधि नहीं होती।हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जो लोग वर्षों से बाबा बागेश्वर धाम में अर्जी लगाए बैठे थे और ठीक नहीं हो पा रहे थे, वे हमारे प्रार्थना कार्यक्रम में आकर ठीक हुए हैं। बता दें कि यह मामला इसलिए भी संवेदनशील हो गया है क्योंकि जिस क्षेत्र में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा था, वह क्षेत्रीय विधायक सरकार में मंत्री हैं और भाजपा सरकार हिंदुत्व की राजनीति के लिए जानी जाती है। बावजूद इसके, इतने लंबे समय से यह कार्यक्रम चल रहा था, जिससे प्रशासन की सतर्कता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष की भूमिका कितनी गहरी निकलती है।



## खुले आसमान के नीचे जंग खा रही साइकिलें लापरवाही की भेंट चढ़ा बच्चों का अधिकार

**लवकुशनगर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महोबा रोड, लवकुशनगर में शिक्षा विभाग की योजनाओं की सच्चाई एक बार फिर उजागर होती दिख रही है। विद्यालय परिसर में खुले आसमान के नीचे सड़ती, जंग खाती, धूप और बारिश से खराब हो रही सैकड़ों साइकिलें बच्चों के अधिकार और सरकारी योजनाओं की बदहाल स्थिति की गवाही दे रही हैं।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों से पढने़ आने वाले छात्र-छात्राओं को समय पर विद्यालय पहुंचाने और उनकी पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो, इसके लिए हर साल हजारों साइकिलें वितरित की जाती हैं। परंतु विद्यालय प्रबंधन की घोर लापरवाही और विभागीय उदासीनता के चलते यह साइकिलें अपने असली हकदारों तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाती हैं।



### खुले आसमान में रखी जाती हैं साइकिलें

प्राप्त जानकारी के अनुसार, साइकिलें खुले कल-पुर्जों के रूप में विद्यालय में पहुंचती हैं, जिन्हें साइकिल मिस्त्री द्वारा जोड़कर विद्यार्थियों को वितरित किया जाता है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में लापरवाही की हदें पार हो जाती हैं। साइकिलें कई-कई हफ्तों तक बिना ढके खुले मैदान में पड़ी रहती हैं। तेज धूप से उनके टायर चटक जाते हैं और बारिश से कल-पुर्जों में जंग लग जाती है।

### 1 साल में कबाड़ बन जाती हैं साइकिलें -

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटिया गुणवत्ता और रख-रखाव की कमी के चलते ये साइकिलें अधिकतम एक साल भी नहीं चल पातीं। परिणामस्वरूप, वे कबाड़ के भाव बिकने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे न केवल सरकार का पैसा बर्बाद हो रहा है, बल्कि बच्चों को समय पर स्कूल आने का जो साधन मिलना चाहिए था, वह भी बेमतलब हो जाता है।

विद्यालय प्रबंधन की इस लापरवाही पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न तो इन साइकिलों के लिए कोई सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था है, न ही वितरण प्रक्रिया को सुचारु रूप से अंजाम दिया जा रहा है। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से भी इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

### समाजसेवियों ने की हस्तक्षेप की मांग

स्थानीय समाजसेवियों और पालकों ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन साइकिलों को सुरक्षित रूप से रखा और वितरित नहीं किया गया, तो सरकार की लाखों रुपये की योजना मात्र कागजों तक ही सीमित रह जाएगी।

## अपहरण, हत्या के प्रयास और बलवा के प्रकरण में वांछित थे सभी आरोपी, अवैध हथियार और वाहन भी बरामद

**छतरपुर।** जिले के थाना लवकुशनगर पुलिस ने ग्राम सुमेड़ी में हुई संगीन वारदात जिसमें मारपीट, फायरिंग, अपहरण और बलवा जैसी घटनाएं शामिल थीं, के संबंध में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपये के 11 इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मुख्य आरोपी श्यामकरन उर्फ संजय कुशवाहा को भी गिरफ्तार किया गया है, जो पहले से चोरी, लूट और गैंगस्टर एक्ट सहित 5 आपराधिक मामलों में लिप्त है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त यामाहा मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी मूलतः ग्राम गुढ़ा, थाना चरखारी, जिला महोबा का निवासी है। गौरतलब है कि 21 जून 2025 को ग्राम सुमेड़ी में कुछ बदमाशों ने वाहनों में आकर अपहरण और गोलीबारी जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने तत्काल 10 पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर एक पर 10,000 का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर हरियाणा से अपहृत महिला और उसके दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया था। प्रारंभिक कार्रवाई में मुख्य आरोपी संजय राजपूत सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके पास से दो देशी कट्टे, कारतूस, एक बुलेरो, चार मोटरसाइकिलें और आठ मोबाइल फोन भी जब्त किए गए थे। अब इस कड़ी में आरोपी श्यामकरन उर्फ संजय की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने कुल 11 इनामी आरोपियों को पकड़ा है। अन्य आरोपियों की तलाश अभी जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अम्बे, चौकी प्रभारी रामसिया चौधरी, साइबर सेल प्रभारी उनि नेहा सिंह गुर्जर, उनि ज्ञान सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र मोहन, आरक्षक सूरज शर्मा, मंगल यादव, उमेश, रमाकांत तिवारी, पंकज यादव एवं साइबर टीम की सक्रिय भूमिका रही।



शांतिपूर्वक मनेगा जन्मोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम

## महाराजश्री ने कहा उपहार नहीं अस्पताल के लिए एक-एक ईंट का करें सहयोग

**छतरपुर। पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजाने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आज जन्मोत्सव है। अपने लाड़ले संत को शुभकामनाएं देने देश ही नहीं विदेश से लोग आ रहे हैं। बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव से लेकर गुरू पूर्णिमा महोत्सव तक के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।**

बागेश्वर महाराज ने अपने सभी प्रेमीजनों से कहा है कि जन्मोत्सव के अवसर पर कोई व्यक्ति उन्हें उपहार न दे। यहां बन रहे कैंसर हॉस्पिटल के लिए एक-एक ईंट का योगदान दे ताकि लोगों को अस्पताल के सहारे जीवन दिया जा सके। वहीं बागेश्वर महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वे अपना जन्मदिन शांतिपूर्वक मनाएंगे।



धाम पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है।

सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव एवं गुरूपूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं। मंदिर को अत्यंत रमणीक बनाया गया है। आधुनिक साज-सज्जा से मंदिर परिसर को सजाया गया है। शुक्रवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराजश्री का जन्मोत्सव है इसको ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। समूचे क्षेत्र में जगह-जगह खुले मैदान में पण्डाल लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महाराजश्री के दर्शन करने और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करने देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं। महाराजश्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे उपहार देने के बजाय धाम में बन रहे कैंसर अस्पताल के लिए एक-एक ईंट का सहयोग करें। महाराजश्री ने कहा कि सभी भक्त अस्पताल में अपनी गिलहरी की भूमिका निभाएंगे तो लोगों के कल्याण के बदले उनका भी कल्याण होगा।

## आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, ई-रिक्शा चालक से मारपीट का मामला

**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के पन्ना रोड पर विरासत होटल के पास दो दिन पूर्व एक ई-रिक्शा चालक से जबरन पैसों की मांग और मारपीट का मामला सामने आया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश शुरू की।



पुलिस ने जांच में तेजी लाते हुए आरोपी अंशु नामदेव, पिता प्रकाश नामदेव, निवासी पीतांबरा कॉलोनी छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, इस मामले में एक विधि विरुद्ध किशोर को भी अभिरक्षा में लिया गया है। अंशु नामदेव को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि नाबालिग को बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले की विवेचना जारी है।

नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक अवधेश दुबे, उप निरीक्षक कादिर खान, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा और आरक्षक अजय प्रताप सिंह की विशेष भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## बैकुंठपुर पुलिस ने युवती से गैंग रेप का फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 वर्षीय युवती का अपहरण कर गैंग रेप किए जाने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने घटना के दो माह बाद गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे जेल भेज दिया है। बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब दो माह पूर्व 5 मई को थाना क्षेत्र से एक 19 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई थी जिसकी शिकायत परिजनों द्वारा थाने में दर्ज कराई गई थी। युवती के दस्तयाब होने के बाद उसके द्वारा दिए गए बयान में युवती ने बताया कि ग्राम पाली थाना बैकुंठपुर निवासी नितेश यादव और राजा यादव ने उसका अपहरण किया था। जिसके बाद उसे अलग-अलग स्थान पर रखकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। युवती ने अपने बयान में बताया कि आरोपी उसे बाद में उमरिया ले गए थे जहां मुख्य आरोपी नितेश यादव के भाई राजेश उर्फ बड़का यादव ने भी उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में नितेश यादव और राजा यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था जबकि फरार आरोपी राजेश उर्फ बड़का यादव निवासी हटवा को उमरिया से गिरफ्तार किया गया है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आज लैपटाप के लिये राशि वितरित की जायेगी

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 4 जुलाई को प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटाप के लिये राशि वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर देखा व सुना जायेगा। रीवा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक एक में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार मऊगंज में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल होंगे। उल्लेखनीय है कि भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रीवा जिले के छात्र अंकुर यादव एवं आर्यन पाण्डेय को तथा मऊगंज जिले के छात्र आयुष पाण्डेय एवं आशीष सिंह को मुख्यमंत्री जी लैपटाप की राशि वितरित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तर पर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. रायपुर कर्चुलियान, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. गंगेव, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. सिरमौर, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. सितलहा, शा. माडल उ.मा.वि. मऊगंज, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. हनुमना में तथा शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. नईगढ़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# वृक्षारोपण में आमजनों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाय : डिप्टी सीएम

## शहर में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे, उप मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को हराभरा बनाने के लिये चयनित स्थलों में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे। वृक्षारोपण से पूर्व की सभी तैयारियाँ पूर्ण करें तथा इसमें आमजनों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाय। उप मुख्यमंत्री ने राजनिवास सर्किट हाउस में वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित किये गये स्थलों में व्यापक पैमाने पर छायादार, फलदार औषधीय पौधों का वृक्षारोपण करते हुए सड़क के किनारे



वृक्षारोपण करें तथा ही पूर्व के रोपित पौधों के रिक्त भूमि में भी वृक्षारोपण कर गैप फिलिंग करें। उन्होंने कहा कि व्यापक पैमाने पर किये गये वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा तथा सड़क के किनारे किये गये वृक्षारोपण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

*उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सामाजिक दायित्व के साथ पुण्य का भी कार्य है अतः इससे आमजनों, व्यापारी संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों सहित अन्य लोगों को भी जोड़े ताकि उनका भी लगाव रहे। उप मुख्यमंत्री ने लगाये गये पौधों की पूर्ण सुरक्षा के इंतजाम किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक लाख पौधे एक साथ लगाने का व्यापक कार्यक्रम सुनिश्चित करें ताकि इस अभियान में सभी की सहभागिता हो। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने वन विभाग सहित नगर निगम व अन्य विभागों को वृक्षारोपण कार्य में सहभागी होने के निर्देश दिये। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 40 हजार, लक्ष्मणबाग की भूमि में 20 हजार, पीटीएस एवं इंजीनियरिंग कालेज कैम्पस में 15-15 हजार तथा रतहरा कैनाल ट्रैक में दस हजार वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाई गयी है। इसके साथ ही शहर की सड़कों के किनारे भी वृक्षारोपण किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, राजेश पाण्डेय, विवेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे।*

# पुलिस ने हत्या के प्रयास का ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



रीवा

जिले के गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के 10 हजार रुपए के फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करीब तीन माह से पुलिस आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। घटना के संबंध में गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 3 मार्च को फरियादी पवन द्विवेदी पिता संजय द्विवेदी 20 वर्ष संजय नगर थाना समान ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुपिया मे तिलकोत्सव के कार्यक्रम से वापस लौटते समय सुपिया मोड़ ढीही के पास लकी सिंह अपने साथियो के साथ आकर उसके साथ मारपीट कर कट्टे से फायर करते हुए फरार हो गया। पुलिस ने माले में 02 नफर आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया था जबकि मुख्य आरोपी लकी उर्फ कुलदीप सिंह पिता योगेन्द्र सिंह परिहार 24 वष निवासी सुपिया फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे केंद्रीय जेल रीवा भेजा गया है।

# कलेक्टर ने 15 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

## कलेक्टर ने लापरवाह अधिकारियों को वेतन वृद्धि रोकने का दिया नोटिस

रीवा।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने तथा विभागीय रैंकिंग में सुधार के प्रयास न करने पर 15 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने तथा एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री एमपीईबी रायपुर कर्चुलियान सुशील पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सिरमौर सुधांशु शर्मा तथा एलडीएम जगमोहन को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने लापरवाही बरतने पर कार्यपालन यंत्री एमपीईबी रीवा भूपेश विक्रम सिंह, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी त्योंथर ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल को भी कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी हुजूर मनीष मिश्रा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर कर्चुलियान अतुल तिवारी, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग योगेन्द्र राज, अनुविभागीय अधिकारी वन हृदयलाल सिंह तथा डीई सिटी एमपीईबी नारेन्द्र मिश्रा को भी कारण बताओ नोटिस दिया है।

## मजदूर पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज करने से पुलिस का इंकार, पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

रीवा।

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलवारी में एक व्यक्ति के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित द्वारा दिया गया है। वहीं पुलिस पर कार्रवाई न किए जाने का भी आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई गई है। घटना के संबंध में घायल प्रहलाद पटेल निवासी ग्राम कलवारी थाना गढ़ ने बताया कि वह मजदुरी का कार्य कर रहा था तभी पडोस में रहने वाले संदीप पटेल आनन्द पटेल व उनके एक साथी द्वारा 29 जून की दोपहर लगभग 1 बजे लाठी डन्डा से मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के दौरान मेरे चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए और आरोपियों से बचाए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद जब वह रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो वहां उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई जिसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाने आए हैं।

# बस स्टैंड पर मासूमों को छोड़ रहस्यमय ढंग से लापता हुई महिला

## पुलिस ने बच्चों को परिजनों से मिलायागढ़ थाना क्षेत्र की घटना, सोशल मीडिया से हुई बच्चों की पहचान

रीवा।

यात्रियों से भरी बस में दो मासूम बच्चों को छोड़कर एक महिला रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। यह चौंकाने वाली घटना बुधवार को तब सामने आई जब रीवा आ रही एक बस में दो छोटे बच्चों को अकेला छोड़ दिया गया और उनकी मां रास्ते में ही उतरकर वापस नहीं लौटी। महिला ने बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी बस में बैठी एक अजनबी महिला को सौंप दी थी और कहा था कि वह पास के बैंक से पैसे निकालकर लौटेगी। लेकिन इसके बाद वह दोबारा नजर नहीं आई। घटना चाकघाट से रीवा आ रही एक यात्री बस की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने चाकघाट से रीवा का टिकट लिया था और अपने लगभग चार साल की बेटी तथा डेढ़ साल के बेटे के साथ यात्रा कर रही थी। गढ़ कस्बे में बस के रुकते ही वह बच्चों को पास बैठी महिला के हवाले कर यह कहकर उतर गई कि कुछ ही देर में वापस आ जाएगी। लेकिन बस के रवाना होने तक महिला का कोई पता नहीं चला गढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों की देखभाल का जिम्मा संभालते हुए उन्हें जिला बाल कल्याण समिति, रीवा भेज दिया। बाद में सोशल मीडिया पर जब यह मामला वायरल हुआ, तब बच्चों के परिजनों ने पहचान कर पुलिस से संपर्क किया। बच्चों के दादा अशोक सेन, निवासी चाकघाट, ने बताया कि उनकी बहू को उनके बेटे ने मायके भेजने के लिए सुबह बस में बैठाया था। परिजनों को इस घटना की जानकारी तब हुई जब सोशल मीडिया पर बच्चों की तस्वीरें और जानकारी देखी गई। पुलिस ने बच्चों को उनके पिता और दादा के सुपुर्द कर दिया है। हालांकि बच्चों की मां का मोबाइल बंद आ रहा है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने महिला की खोजबीन शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में उसके बारे में पूछताछ जारी है।

# बारिश से बिगड़ी व्यवस्था पर महापौर सख्त, सीवर और जल आपूर्ति की समस्याओं पर जल्द समाधान के निर्देश, नगर निगम में मेयर ने आयुक्त, अधिकारियों के साथ की बैठक

रीवा

महापौर अजय मिश्रा ने बुधवार को निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। बारिश से हो रही समस्याओं, जिसमे सीवर और जल आपूर्ति पाइपलाइन के कारण हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों की शिकायतों के समाधान करने के निर्देश दिए। उकहा कि सड़कों की मरम्मत नहीं होने से मिट्टी और कीचड़ है. जिससे लो लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। नालियों में मिट्टी भर जाने से जल निकासी नहीं हो रहा। इसलिए मैन्युअल लेबर से सफाई कर नालियों को जाम होने से रोका जाए। महापौर ने बोला पाइप से डेनेज निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, जिससे यह प्रणाली अधिक उपयोगी सिद्ध हो हो सके। अवैध कॉलोनियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखने और कॉलोनी विकास नियमों को शहर की श्रेणी अनुसार तैयार कर शासन को भेजने की बात कही। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने, कचरा उठाव की नियमित निगरानी और सुधार पर भी जोर दिया। बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे, एमआइसी



सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री एसके गर्ग, पीएन शुक्ला, राजेश मिश्रा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।बॉक्ससड़क, नाली, डिवाइडर के निर्माण हुआ भूमिपूजन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 में विवेकानंद नगर में दीक्षित के घर से सीवरेज एसटीपी प्लांट के पास निर्मित पुलिया तक आरसीसी सड़क, डिवाइडर निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमिपूजन लक्ष्मण द्विवेदी के द्वारा महापौर अजय मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। उक्त निर्माण कार्य की अनुमानित लागत रू. 74.39 लाख है। इस दौरान वार्ड पार्षद जरीना बेगम, एम.आई.सी. सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, पूर्व पार्षद अशोक पटेल झब्बू, साबिर अंसारी, नगर निगम कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री अमरीश सिंह, उपयंत्री पूर्वी अग्रवाल एवं वॉर्डवासी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जोन क्र. 03 अंतर्गत वार्ड 14 में हरिजन बस्ती में स्व0 छोटकईया साकेत के घर से भारत चौधरी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन भारत चौधरी द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। उक्त निर्माण कार्य की अनुमानित लागत रू. 13.84 लाख है। इस दौरान मुलई कोल, भोला कोल, देववती साकेत, रवि साकेत, सिया दुलारी, छोटी साकेत, भारत शरण सिंह, पंकज बाजपेई, सूरज विश्वकर्मा, पप्पू भदौरिया एवं अन्य वार्ड 14 समान हरिजन बस्ती के रहवासीगण उपस्थित रहे।

# टीपी को लेकर क्रेशर संचालक कर रहे फर्जीवाड़ा



मऊगंज

जिले में दर्जनों अवैध संचालित क्रेशरो एवं ब्लास्टिंग संचालकों द्वारा व्यापक स्तर पर विधि विरुद्ध अवैध उत्खनन किया जा रहा है इससे बायु प्रदूषण तथा जल प्रदूषण हो रहा है क्षेत्र में गंभीर बीमारी फैल रही है जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है साथ ही इस प्रदूषण से मनुष्य एवं वन्य जीव-जंतुओं पर भी विपरीत असर पड़ रहा है हरे भरे पहाड़ों की जगह खाई दिखाई देती है जहां आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है अवैध तरीके से संचालित क्रेशरो द्वारा नियम विरुद्ध गिट्टी परिवहन किया जाता है जिसे खनिज एवं प्रदूषण विभाग देख नहीं रहा है।

**रॉयल्टी का खेल-** क्रेशर संचालकों द्वारा रायलिटी चोरी का मामला आए दिन सामने आता है रायलिटी किसी और की परिवहन किसी और का यह सब क्रेशर संचालकों खनिज विभाग के साथ संबंधित थानों की पुलिस की मिलीभगत से मऊगंज हनुमना क्षेत्र में व्यापक तरीके से काला कारोबार किया जा रहा है बड़े स्तर पर जांच की जाए तो इन सभी के हाथ काले कारोबार से रंगे मिलेंगे

**नो एंट्री का उल्लंघन-** अवैध रूप से संचालित क्रेशर मालिकों द्वारा आए दिन नो एंट्री का उल्लंघन कर अवैध रूप से जिले से बाहर गिट्टी का परिवहन किया जाता है नो एंट्री का उल्लंघन कर शहर के बीचों बीच भारी वाहनों द्वारा निरंतर परिवहन किया जाता है लगभग एक वर्ष पहले शहर के चारों तरफ नो एंट्री का बोर्ड तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजस्व द्वारा लगवाया गया था किंतु यह नियम जिला बनते ही गायब हो गया।

**ओवरलोड से सड़कें क्षतिग्रस्त-** रेत गिट्टी के अवैध भंडारण व परिवहन करने वाले भारी वाहनों की वजह से शहर के चारों तरफ सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिस पर रोक लगाने खनिज अधिकारी कार्रवाई नहीं करते सब की सहमति से ओवरलोड वाहन चल रहे हैं जिससे जगह-जगह सड़के टूट चुकी है। क्षेत्र में शिकायतों के आधार पर अवैध पत्थर उत्खनन एवं क्रेशर संचालकों पर कार्रवाई की जा रही है आगे भी जारी रहेगी सभी को खनिज नियमों का पालन करना होगा।

**सुनीत राजपूत**
खनिज अधिकारी
मऊगंज

शहर के अंदर भारी वाहनों पर रोक है यातायात का उल्लंघन करने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी

**अमरीश साहू**
यातायात प्रभारी मऊगंज

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ

मऊगंज

सृजन कार्यक्रम पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद रीवा के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना उपरांत किया गया जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के द्वारा किया। बताया कि यह किशोरी बच्चियों का सशक्त बनाने का बड़ा अच्छा अवसर है जहां 18 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक सोच का विकास होगा इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग स्थापित होने से सामंजस्य होगा। विशिष्ट अतिथि महिला बाल विकास विभाग प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी निर्मला शर्मा ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह एक समग्र सशक्तिकरण कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर स्वच्छंद बातावरण स्थापित करेंगे जहां सड़क में चलते हुए हिंसा होती है वहां पर हमें उस हिंसा से बचने के उपाय मौजूद होंगे



जिसमें बचाव हो सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बच्चों को सेल्फ डिफेंस माड्यूल को बताया। बच्चों से जुड़कर सामुदायिक पुलिसिंग स्थापित होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा समन्वयक सुमित सिंह ने किया।सृजन कार्यक्रम की पृष्ठभूमि- अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक कार्यों एवं नेतृत्व पल के माध्यम से किशोर और किशोरियों का सशक्तिकरण है यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पु लि सिं ग कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की त क नी की सहायता से शुरू की गई एक पहल है यह एक समग्र सशक्तिकरण कार्यक्रम है जिसे किशोर और किशोरियों को अपने समुदायों में आगे बढ़ाने और बदलाव लाने की दिशा में आत्मरक्षा आत्मविश्वास और कौशल से परिपूर्ण करने हेतु प्रारंभ किया गया है इस व्यापक कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक जुड़ाव को ग्रहण करना है जो सृजन कार्यक्रम का केंद्रित रूप है उन युवाओं या कह सकते हैं कि विशेष रूप से मुश्किल परिस्थितियों में रहने वाले किशोर किशोरियों को जो विभिन्न तरह की मुश्किल परिस्थितियों जैसे घरेलू हिंसा और सड़क आधारित शोषण एवं हिंसा का सामना कर रहे हैं साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से किशोर और युवाओं की क्षमता का निर्माण करना है ताकि वे अपने अंदर विभिन्न क्षमताओं जैसे स्थिति के अनुसार खुद को तैयार करना आत्मरक्षा कौशल और अपने आत्म सम्मान की भावना को विकसित कर सकें यह कार्यक्रम मऊगंज में पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज समग्र जन चेतना विकास परिषद रीवा के सहयोग से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्थानीय 13 वर्ष से 19 वर्ष के बालिकाओं का यह प्रशिक्षण है मऊगंज में संचालित किशोर और युवाओं के विकास के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करेगा। सृजन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए मानक स्थापित किए गए हैं साथ ही यह कार्यक्रम पुलिस थानों सेफ सिटी कार्यक्रम से जुड़ी न्याय तथा सार्वजनिक सुरक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक स्तर पर कार्य करने वाले अन्य जमीनी स्तर के नागरिक समाज संगठनों के बीच विकसित तालमेल स्थापित कर एक सुनहरे भविष्य की आधारशिला रखी जायेगी इस ओर कार्यक्रम किशोरी किशोरी बच्चियों को सेल्फ हेल्प सेल्फ डिफेंस माड्यूल में जोड़कर उन्हें सशक्त बनाते हुए उन्हें लैंगिक क्षमता प्राप्त करने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने एवं अपने जीवन के बारे में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह पहल एक सार्थक रूप में युवाओं को गढ़ने का अवसर देगी। मास्टर ट्रेनर के रूप में सुनीता चौरसिया जो बच्चों को सेल्फ डिफेंस माड्यूल अनुसार जोड़ों करांटे की ट्रेनिंग 18 दिवस में सिखायेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओपी सचि पाठक, प्राचार्य उमाशंकर सोनी, सतानंद मिश्र, डां नागेन्द्र प्रसाद मिश्र, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज टीम ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी, आशीष कुमार शुक्ला, परिवेक्षक शांति पटेल, एफएलसी बैंक रामरतन मिश्रा, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मऊगंज से बीके खुशबू बहन, बीके रूपा बहन, विद्यालय स्टाप, महिला बाल विकास विभाग मऊगंज के परिवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।